VSA
Little Steps
VIDYA SHREE ACADEMY
SR. SEC. SCHOOL
An English Medium Co.Ed. School | Science & Commerce
W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 8058999828
Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302015
/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipur

Subject-Hindi Class 12 Topic- अपठित गद्यांश

प्र.१ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(5) महानगरों में भीड़ होती है, समाज या लोग नहीं बसते। भीड़ उसे कहते हैं जहाँ लोगों का जमघट होता है। लोग तो होते हैं लेकिन उनकी छाती में हृदय नहीं होता, सिर होते हैं, लेकिन उनमें बुद्धि या विचार नहीं होता। हाथ होते हैं, लेकिन उन हाथों में पत्थर होते हैं, विध्वंस के लिए वे हाथ निर्माण के लिए नहीं होते। यह भीड़ एक अंधी गली से दूसरी गली की ओर जाता है, क्योंकि भीड़ में होने वाले लोगों का आपस में कोई रिश्ता नहीं होता। वे एक-दूसरे के कुछ भी नहीं लगते। सारे अनजान लोग इकट्ठा होकर विध्वंस करने में एक दूसरे का साथ देते हैं, क्योंकि जिन इमारतों, बसों या रेलों में ये तोड़-फोड़ के काम करते हैं, वे उनकी नहीं होतीं और न ही उनमें सफर करने वाले उनके अपने होते हैं। महानगरों में लोग एक ही बिल्डिंग में पड़ोसी के तौर पर रहते हैं, लेकिन यह पड़ोस भी संबंधरहित होता है। पुराने जमाने में दही जमाने के लिए जामन माँगने पड़ोस में लोग जाते थे, अब हर फ्लैट में फ्रिज है, इसलिए जामन माँगने जाने की भी जरूरत नहीं रही। सारा पड़ोस, सारे संबंध इस फ्रिज में 'फ्रीज' रहते

Scanned with CamScanner

प्रश्न 5.

(क) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) 'महानगरों में भीड़ होती है, समाज या लोग नहीं बसते'- इस वाक्य का आशय क्या है?

(ग) सारे संबंध इस फ्रिज में फ्रीज' रहते हैं-ऐसा क्यों कहा जाता है ?

(घ) "निर्माण' शब्द का विलोम लिखिए।

Scanned with CamScanner

उत्तर:
(क) गद्यांश का उचित **शीर्षक**-'महानगरों में असामाजिक संस्कृति।"
(ख) महानगरों में विशाल संख्या में लोग निवास करते हैं। उनमें पारस्परिक सामाजिक संबंध नहीं होते हैं। वे एक दूसरे को जानते नहीं, आपस में मिलते-जुलते भी नहीं हैं। पास रहने पर भी वे एक दूसरे के पड़ोसी नहीं होते।
(ग) फ्रिज खाद्य पदार्थों को ठंडा रखने के लिए प्रयोग होने वाला एक यंत्र है। आधुनिक समाज में परस्पर संबंधों में गर्माहट नहीं रही है। लोग एक ही बिल्डिंग में रहते हैं परन्तु पड़ोसी से उनके सम्बन्ध ही नहीं होते वे एक-दूसरे को जानते तक नहीं हैं।
(घ) 'निर्माण' का विलोम विध्वंस' है।

Scanned with CamScanner